भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 120
उत्तर देने की तारीख 25 नवंबर, 2019
सोमवार, 04 अग्रहायण, 1941 (शक)

कौशल विकास केंद्र

***120. श्री नायब सिंह सैनीः श्री बसंत कुमार पांडाः**

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा और कालाहांडी सहित ओडिशा में कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो कुरुक्षेत्र और कालाहांडी सहित हरियाणा और ओडिशा में स्थापित किए जा रहे कौशल विकास केन्द्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) इस प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा आवंटित बजट का केंद्र-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा नियत की गई है; और

(घ) कालाहांडी में कौशल विकास प्रशिक्षण दिए गए युवकों की संख्या कितनी है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

''कौशल विकास केंद्र'' के बारे में श्री नायब सिंह सैनी तथा श्री बंसत कुमार पांडा द्वारा दिनांक 25.11.2019 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *120 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग) कुशल भारत मिशन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम पीएमकेवीवाई 2016-20 के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) नामक आदर्श तथा आकांक्षीय कौशल केंद्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करता है। मंत्रायल राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से प्रत्येक पीएमकेके को संचालन सहायता के साथ-साथ परियोजना निवेश का 75% तक पूंजीगत व्यय उपलब्ध करता है। अब तक कुरूक्षेत्र सहित हरियाणा में तथा कालाहांडी सहित ओडिशा राज्य में क्रमश: 23 पीएमकेके तथा 27 पीएमकेके स्थापित किए जा चुके हैं।

इसके अतिरिक्त, एमएसडीई प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक महत्वाकांक्षी स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसके अंतर्गत यह हरियाण तथा ओडिशा राज्य सहित समूचे देश में प्रत्यायित तथा संबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों/प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीसी/टीपी) के माध्यम से बड़ी संख्या में आकांक्षी युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) तथा पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) प्राप्त करने में समक्ष बनाती है। इस स्कीम के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए टीसी/टीपी का प्रत्यायन तथा संबद्धता 'स्मार्ट' (कौशल प्रबंधन तथा प्रशिक्षण केद्र प्रत्यायन) नामक एकल खिड़की आईटी अनुप्रयोग के अंतर्गत किया जा रहा है। 11.11.2019 तक देश भर में 13,911 टीसी का प्रत्यायन और संबद्धता की गई है। इनमें से 1,039 तथा 364 टीसी क्रमश: कुरूक्षेत्र सहित हरियाणा में तथा कालाहांडी सहित ओडिशा राज्य में हैं।

(घ) ओडिशा के कालाहांडी जिले में 11.11.2019 तक 7,084 उम्मीदवार प्रशिक्षित किए गए हैं।

****